This question paper contains 4 printed pages.]

आपका अनुक्रमांक ....

3320

Concurrent Course for Hon. Prog. B

समवर्ती ऑनर्स प्रोग्राम पाठ्यक्रम

HINDI LANGUAGE (Higher) – Qualifying Course

हिन्दी भाषा (उच्चतर) – योग्यता प्रदायी पाठ्यक्रम

(प्रवेश-वर्ष 2005 और तत्पश्चात्)

समय : 2 घण्टे **पूर्णांक : 50**

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रश्नों के उत्तर 300 शब्दों में और टिप्पणियाँ 150 शब्दों में लिखिये ।

खण्ड – 1

1. आज़ादी से पहले हिंदी भाषा का प्रसार भारत में किन-किन क्षेत्रों तक था ? चर्चा कीजिए । 6

अथवा

सम्पर्क भाषा के रूप में हिंदी की राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय भूमिका पर प्रकाश डालिए ।

2. राष्ट्रभाषा के रूप में हिंदी की स्थिति पर विचार कीजिए । 6

अथवा

आज़ादी के बाद हिंदी भाषा के स्वरूप और विस्तार का सामान्य परिचय दीजिए ।

3. संचार माध्यम की अवधारणा को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए । 6

अथवा

एफ.एम. रेडियो ने अपने श्रोता वर्ग से संवाद की मनोरंजनपरक भाषा निर्मित की है – इस कथन पर विचार कीजिए ।

4. किन्हीं **चार** पर टिप्पणियाँ लिखिए : $4 \times 3 = 12$

(1) मानक भाषा

(2) स्वाधीनता संग्राम और हिंदी

(3) खेल-समाचारों की भाषा

(4) किसी एक फिल्मी गीत की भाषा का विश्लेषण

(5) टेलीविज़न धारावाहिकों की भाषा

(6) सौंदर्य-उत्पादों के विज्ञापन की भाषा

खण्ड – 2

5. अपने क्षेत्र में पार्कों की दशा सुधारने के लिए नगर निगम आयुक्त को पत्र लिखिए । 3

अथवा

समाचार-वाचक पद के लिए स्ववृत्त (बायो-डाटा) तैयार कीजिए ।

6. निम्नलिखित शब्दों एवं अभिव्यक्तियों के हिंदी-प्रतिरूप लिखिए :

(क) किन्हीं **पाँच** पारिभाषिक शब्दों के हिंदी प्रतिरूप : $2\frac{1}{2}$

Audience, Bonafide, Capital, Charge, Cognition, Complex, Depositor, Diagnosis

(ख) किन्हीं **पाँच** प्रशासनिक अभिव्यक्तियों के हिंदी प्रतिरूप : $2\frac{1}{2}$

Accepted for payment, Carried forward, Seen thanks, Kindly acknowledge, Needful has been done, No further action is called for, This may please be treated as urgent, The proposal is quite in order.

(ग) किन्हीं **चार** मुहावरे-लोकोक्तियों के हिंदी प्रतिरूप : 2

A bone of contention, Brain drain, Empty vessels make much noise, Handsome is that handsome does, Once in a blue moon, To look blank.

7. 'भीड़ में अकेला मन' का पल्लवन कीजिए । (अधिकतम **200** शब्द) **4**

अथवा

निम्नलिखित अवतरण का शीर्षक देते हुए उसका संक्षेपण कीजिए :

अंततः 19वाँ राष्ट्रमंडल खेल तमाम आशंकाओं के बीच सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया । 53 राष्ट्रमंडल देशों समेत कुल 71 देशों ने इस आयोजन में भाग लिया । हर चार वर्ष पर आयोजित होने वाला यह खेल भारत में पहली बार हुआ । भारत ने ऑस्ट्रेलिया के बाद दूसरा स्थान प्राप्त कर खेल के क्षेत्र में अपनी महत्ता स्थापित की । राष्ट्रमंडल खेल एक बहुराष्ट्रीय खेल आयोजन है । ओलंपिक और एशियाई खेल आयोजन की श्रृंखला में यह तीसरा महत्त्वपूर्ण विश्व खेल आयोजन है । राष्ट्रमंडल खेलों में वे देश भाग लेते हैं जो कभी ब्रिटिश औपनिवेशिक व्यवस्था के अंग रहे थे ।

8. किसी एक विषय पर 350 शब्दों में निबंध लिखिए : 6

(1) विविधता का देश – भारत

(2) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला

(3) बढ़ते शहर सिकुड़ते गाँव

(4) मेरा प्रिय धारावाहिक